तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 23. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 18 मार्च 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

2 नगर पालिका उपाध्यक्ष चुनाव के पूर्व कटघोरा में बड़ा उलटफेर



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## आज लेंगे अधिकारियों की बैठक, योजनाओं का अवलोकन भी

# राज्यपाल का हुआ आगमन अफसरों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रदेश के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका दो दिवसीय प्रवास पर जांजगीर पहुंचे। जिला मुख्यालय जांजगीर में उनके आगमन पर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के साथ जिले के कलेक्टर, एसपी ने उनका स्वागत किया। इस दौरान जवानों ने उन्हें सलामी दी। रात्रि विश्राम के पश्चात महामहिम राज्यपाल दूसरे दिन अफसरों की बैठक लेंगे और केन्द्र की योजनाओं का अवलोकन करने पश्चात सक्ती के लिए रवाना होंगे।

सोमवार 17 मार्च को छत्तीसगढ़ राज्य के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका सर्किट हाउस जांजगीर पहुंचे। यहां आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर उज्जवल पोरवाल ने भी स्वागत किया। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दी गई। इस अवसर पर राज्यपाल के एडीसी स्क्वा. लीडर निशांत कुमार, संयुक्त सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम उपस्थित र मंगलवार 18 मार्च को प्रातः 9.25 बजे महामहिम राज्यपाल रमेन डेका सर्किट हाउस, जांजगीर से प्रस्थान कर प्रातः 9.30 बजे कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचेगे। महामहिम राज्यपाल एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। महामहिम राज्यपाल प्रातः 11 बजे केंद्रीय योजनाओं का अवलोकन करने के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके उपरांत वे 12.45 बजे सक्ती जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।





राज्यपाल को गार्ड ऑफ आनर देते जवान।

### राज्यपाल डेका का सक्ती जिला प्रवास आज

सक्ती। छत्तीसगढ़ राज्य के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका मंगलवार 18 मार्च को सक्ती जिला प्रवास पर रहेंगे। जारी प्रोटोकॉल के अनुसार महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका 18 मार्च को दोपहर 12.45 बजे जिला जांजगीर-चांपा से प्रस्थान कर दोपहर 01.45 बजे रेस्ट हाउस सक्ती पहुंचेगे। महामहिम राज्यपाल दोपहर 2 बजे रेस्ट हाउस, सक्ती से प्रस्थान कर दोपहर 2.10 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचेगे। महामहिम राज्यपाल कलेक्ट्रेट परिसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके उपरांत वे 4 बजे राजभवन रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कौड़ी काम का नहीं जल जीवन मिशन

# 75 फ़ीसदी गांवों में नहीं आ रहा पानी

### कहीं बोर बिगडे तो कहीं स्त्रोत नहीं, 3 सौ से अधिक गांवों में काम अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर चांपा जिले में जल जीवन मिशन का बुरा हाल है। यहां 4 सालों बाद भी पानी की सप्लाई दुरुस्त नहीं हो सकी है। स्थिति यह है कि सवा चार सौ गांवों में से ले देकर 114 गांवों में पानी सप्लाई का दावा किया जा रहा है, जबकि बाकी के 75 फ़ीसदी गांव में योजना आधी अधूरी है। खास बात यह है कि कई जगहों पर तो टंकी निर्माण और पाईप लाइन का काम भी पूरा हो गया है, लेकिन स्त्रोत ही नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा कई जगहों पर बोर बिगड़ने और लिकेज की समस्या हो रही है।

जिले में 424 गांव में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत टंकी बनाकर हर घर पानी सप्लाई करने की योजना 4 साल पहले प्रारंभ की गई थी, लेकिन इतने दिनों बाद भी यह काम पूरा नहीं हो पाया है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक जिले की 114 गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी सप्लाई जैसे तैसे हो रही है, जबकि बाकी के गांव में इस योजना का काम पूरा नहीं हो सका है। कहीं पाइपलाइन का काम अधूरा है तो कहीं पाइपलाइन बिछाने और टंकी निर्माण करने के बाद जल स्त्रोत नहीं मिल रहा है। जिले के बलौदा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत जाटा में इस योजना के तहत तीन दिन घरों में पानी आया, इसके बाद न जाने क्या खराबी आई आज तक पानी सप्लाई नहीं हो रही है। इसी प्रकार बहेराडीह में टंकी निर्माण करके पाइपलाइन बिछा दी गई है, लेकिन जल स्त्रोत नहीं मिल रहा है। यहां एक-एक करके छह बोर उत्खनन कराया गया है, लेकिन कहीं पानी नहीं मिला। यही स्थिति जिले के नवागढ़, पामगढ़ अकलतरा और बम्हनीडीह ब्लॉक के गांव में भी है।



बहेराडीह में शोपीस बनी पानी टंकी

### प्रयास जारी है

जल जीवन मिशन में शामिल 424 में से 114 गांवों में काम पूरा हो गया है। पानी सप्लाई हो रही है। बाकी जगहों पर काम चल रहा है। कुछ जगहों पर समस्या आ रही है, यह ग्राम पंचायत स्तर का मामला है। हैंडओव्हर के बाद पंचायत जिम्मेदार है।

-पी.एस. सुमन,
ईई, पीएचई

### पंचायत को ठहरा रहे जिम्मेदार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन को जांजगीर चांपा जिले में अफसरों की उदासीनता और लापरवाही का ग्रहण लग गया है। स्थिति यह है कि 4 सालों बाद भी योजना में शामिल 424 गांवों में पानी सप्लाई का काम पूरा नहीं हो सका है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक भले ही 114 ग्रांवों में पानी सप्लाई होने का दावा किया जाता है, लेकिन इनमें भी अधिकांश जगहों पर नियमित पानी सप्लाई नहीं हो रही है। खास बात यह है कि जिम्मेदार पीएचई के अफसर इसके लिए पंचायत को जिम्मेदार ठहराने लगे है।

## खबर संक्षेप

### रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अंतिम पात्र सूची जारी

जांजगीर-चांपा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जांजगीर द्वारा विभिन्न रिक्त पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसके तारतम्य में सहायक ग्रेड-3 एवं लिपिक कुर्क (संविदा) कोर्ट मैनेजर स्टाफ के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की पृथक-पृथक सूची जारी कर 1 मार्च तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया किया गया था। अंतिम तिथि तक प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण कर अंतिम पात्र सूची विभाग के वेबसाईट पर अपलोड किया गया है जिसका अवलोकन अभ्यर्थी कर सकते है। प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि 23 मार्च के एक सप्ताह पूर्व विभाग के वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन 24 तक

जांजगीर-चांपा। एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंन्द्र 1 भाठापारा (बगडबरी) एवं भाठापारा (पाँच) 2 में सहायिका पद हेतु 24 मार्च तक कार्यालयीन समय में सीधे पंजीकृत डाक से आवेदन आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा से संपर्क किया जा सकता है।

### खून से लथपथ युवक की मिली लाश

जांजगीर-चांपा। खून से लथपथ युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में हडकंप मच गया। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। घटना सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम अफरीद की है। इस संबंध में सारागांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अफरीद में सोमवार 17 मार्च की सुबह 3 बजे 40 वर्षीय युवक आंगन केंवट की खून से लथपथ लाश दर्रीपारा तालाब के किनारे देखी गई। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। सारागांव पुलिस मर्डर के एंगल से जांच कर रही है। प्राप्त सूत्रों के अनुसार आंगन केंवट घर से रात करीबन 1 बजे निकला था, वह हाइवे स्थित आंनद ढाबा पहुंचा, जहां से गुटखा खरीद कर वापस घर की ओर निकल गया करीबन सुबह 3 बजे दर्रीपारा तालाब के किनारे गांव के युवक ने खून से लथपथ लाश देखी और आस पास के लोगो को बताया। सायबर सेल डॉग स्क्वाड सहित सारागांव पुलिस जांच कर रही है।

# गला दबाकर पत्नी की हत्या पति को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बात बात पर लड़ाई और झगडे के चलते पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने सुनाया।

इस संबंध में लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर से मिली जानकारी के अनुसार संतोष कुमार साहू अपनी पत्नी बिंदिया साहू के मध्य बात-बात पर लड़ाई और झगड़ा होता था। इसी दौरान 13 मार्च 2024 को रात्रि समय 8 बजे के लगभग अभियुक्त और उसकी पत्नी के मध्य विवाद हुआ, जिस पर अभियुक्त ने अपनी पत्नी बिंदिया को हाथमुक्कों से मुंह एवं नाक में मारकर एवं गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और ग्राम कोटवार मोहन दास को उक्त घटना की जानकारी दी, जिस पर उक्त साक्षी ने अभियुक्त के दोनों बच्चों को दादा के पास छोड़कर आने और उसके पश्चात पुलिस के पास चलने को कहा था। अभियुक्त के पिता करियाराम साहू के द्वारा पुलिस को सूचना दी तब पुलिस मौके पर आयी और कार्यवाही की। पुलिस के अनुसार 13 मार्च की रात्रि 10.20 बजे संतोष के पिता करियाराम साहू ने थाना सारागांव उपस्थित होकर सूचना दिया कि उसके बेटे ने उसकी बहू बिंदिया साहू को मार डाला है तब वह अपने बेटे के घर गया। जहां भीड़ लगी थी घर के अंदर मृतिका बिंदिया चित्त अवस्था में खाट में मृत पड़ी थी। बिंदिया के नाक से खून निकला था एवं गले में खून के धब्बे थे। बिंदिया की सांसे नहीं चल रही थी। उसके पुत्र संतोष कुमार साहू ने ने उसकी बहू बिंदिया साहू को हाथमुक्का से जान से मार डाला है। सूचनाकर्ता करियाराम साहू कि उक्त सूचना पर उपनिरीक्षक सत्यम कुमार चौहान ने मर्ग दर्ज किया। उक्त सूचना के आधार पर इसी दिनांक को अभियुक्त के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट कमांक 70/24 अंतर्गत धारा 302 भा.दं.सं. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया तथा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। अभियोजन साक्षियों का कथानक लिये जाने के पश्चात अभियोजन साक्षियों के न्यायालयीन कथनों के विश्लेषण कर शक्ति सिंह राजपूत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जांजगीर द्वारा आरोपी संतोष कुमार साहू पिता करियाराम साहू उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम लखाली भाठापारा, थाना सारागांव को सिद्धदोष अपराध धारा 302 भा.द.सं. के लिए आजीवन कारावास एवं 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है तथा अभियुक्त द्वारा अर्थदण्ड की राशि जमा नहीं करने पर क्रमशः 6 माह का सश्रम कारावास पृथक से भुगताये जाने का आदेश न्यायालय द्वारा दिया गया है।



## परीक्षा में शामिल होने 17 हजार अभ्यर्थियों ने कराया पंजीयन

# पांचवीं बोर्ड के पहले पेपर में 1 हजार छात्र अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित पांचवीं बोर्ड के पहले दिन गणित विषय में 1 हजार से अधिक छात्र परीक्षा से अनुपस्थित रहे। वहीं परीक्षा को लेकर उड़न दस्ता टीम का गठन किया गया है।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा सोमवार 17 मार्च से पांचवीं बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ की गई है इस परीक्षा में शामिल होने 17 हजार 531 छात्रों ने पंजीयन कराया है जिसमें से 16 हजार 489 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। वही 1042 छात्र परीक्षा से अनुपस्थित रहे। इधर बोर्ड परीक्षा को लेकर उड़न दस्ता टीम का गठन भी किया गया है।



परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे बीईओ दीवान।

स्कूल शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा विकासखंड में पांचवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने 3053 छात्रों ने पंजीयन कराया है। जिसमें से 2806 छात्र बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 247 छात्र-छात्राएं परीक्षा से अनुपस्थित रहे इसी प्रकार बलौदा विकासखंड में पांचवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने 27 68 छात्रों ने पंजीयन कराया है। जिसमें से 26 21 बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए हैं। वही 147 छात्र-छात्राएं परीक्षा से अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत पांचवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने 5137 छात्रों ने पंजीयन कराया जिसमें से 4891 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 246 छात्र इस परीक्षा से अनुपस्थित रहे। पामगढ़ ब्लॉक अंतर्गत पांचवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने 3722 छात्र परीक्षा में शामिल होने पंजीयन कारण जिनमें से 3439 परीक्षा में शामिल हुए वहीं 283 छात्र नुपस्थित रहे। बम्हनीडीह ब्लॉक में पांचवीं बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने 2851 छात्र छात्रों ने पंजीयन कराया। जिसमें 2732 छात्र-छात्र परीक्षा में शामिल हुए। वही 119 छात्र अनुपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### शासकीय प्राथमिक शाला में पांचवीं के बच्चों को दी गई विदाई

**कोरबा।** वनांचल स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बासीन संकुल केंद्र फूलसरी में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कक्षा चौथी के छात्र छात्राएं एवं विद्यालय प्रबंध समिति ने उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को अपने जीवन पथ पर सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। शाला के प्रधान पाठक नोहर चन्द्रा ने कहा कि मेहनत का फल मीठा होता है। किसी भी कार्य में सफलता मेहनत करने से ही प्राप्त होता है मेहनत करने से हमें कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए। क्योंकि मेहनत ही सफलता की कुंजी है। सहायक शिक्षक सूर्य प्रकाश सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। अतिथि शिक्षक अरुण कोरवा ने कहा कि समय पर हर कार्य करना, आज का काम कल पर कभी भी मत छोड़ना आज का कार्य आज ही कर लेना तो जीवन-पथ पर कभी भी रुकावट पर दिक्कतें नहीं आएगी। छात्र-छात्राओं ने कक्षा पांचवी में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को अपने हाथों से बनाए हुए फूलों का गुलदस्ता एवं उपहार भेंट किए।

### करतला उपाध्यक्ष मनोज ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जनपद पंचायत करतला के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष मनोज झा ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान मनोज झा ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि से जुड़े मुद्दों पर ध्यान देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया और कहा कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को सुचारू रूप से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### लोक नृत्य की महिलाओं ने दी प्रस्तुति

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा एरिया के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य में महिलाओं ने प्रस्तुति दी। इसकी सराहना एसईसीएल के एरिया अफसरों ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एरिया जीएम (संचालन) आरके गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में हैं। जिस हौसले से अपने कार्यों को निभाती है, वह प्रशंसनीय है। महिलाओं की सकारात्मक भूमिका पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के अतिथि महाप्रबंधक (ईएंडएम) एस. थीरूकुमारण, क्षेत्रीय प्रबंधक बोर्रा सुंदर व विनोद सिंह ने भी अपने विचार रखे। कविता पाठ में नारी की भूमिका पर रचनाएं पेश की गई। महिलाओं के नृत्य की प्रस्तुति में छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों की संस्कृति की झलक दिखाई दी। मीनू सिंह ने लैंगिक समानता और महिलाओं की सकारात्मक भागीदारी पर जोर दिया। प्रोफेसर विभाग शुक्ला ने महिला सम्मान और नारी के बदलते स्वरूप में एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि साथ मिलकर आगे बढ़ने की बात कही। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रबंधक (कार्मिक) माधुरी मडके और आभार उप प्रबंधक (सीडी) किरण डहंगा ने जताया।

### सड़क जाम कर किया पथराव पुलिस के वाहन में की तोड़फोड़

**कोरबा।** असामाजिक तत्वों ने शनिवार की रात जमकर उत्पात मचाया। बालको चेकपोस्ट लालघाट के पास कुछ लोगों ने सड़क पर बड़े-बड़े पत्थर रखकर रास्ता जाम कर दिया जिसके बाद राहगीरों और पुलिस पर पथराव भी किया। यह घटना रात लगभग 1 बजे की है। जब राहगिरों पर पथराव शुरु हो गया जिसके बाद बाइक सवार डरकर भागने लगे। सूचना मिलते ही डायल 112 और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जहां झाड़ियों में छिपे असामाजिक तत्वों ने पुलिस टीम पर भी पथराव कर दिया। घटना में पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है। चालक और पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। जब वे सड़क से पत्थर हटाने गए, तब भी उन पर पथराव किया गया। घटना की सूचना तुरंत बालको थाना पुलिस को दी गई। रात के अंधेरे में झाड़ियों से लगातार पत्थरबाजी होती रही। इससे राहगीर डरे-सहमे रहे और कुछ समय के लिए लोगों की आवाजाही रुक गई। आरक्षक हिमांचल कंवर की रिपोर्ट पर पुलिस ने छोटूलाल कंवर व उसके अन्य साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।



## जटगा-बरबसपुर मार्ग में हुआ हादसा

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, तीन दोस्तों की मौत, गांव में छाया मातम





दुर्घटनाकारित कार एवं क्षतिग्रस्त मोटर सायकल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कार व बाइक में भिड़ंत से तीन दोस्तों की मौत से लोग सकते में आ गए। हादसे में तीन युवकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इनकी बाइक के परखच्चे उड़ गए वहीं कार क्रमांक सीजी 11 बीएम 9835 भी क्षतिग्रस्त हो गई है। कटघोरा थाना अंतर्गत जटगा पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम खोडरी के पास यह घटना हुई। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ लग गई। डायल 112 और स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई जिन्होंने मौके पर पहुंचकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की। मृतकों की पहचान बरबसपुर स्कूल बस्ती निवासी ननकू उर्फ अखलेश्वर 18 वर्ष, आदित्य निर्मलकर 21 वर्ष और सूरज कंवर 21 वर्ष के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतकों के परिजन और गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पीएम रिपोर्ट के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### अनियंत्रित बस घुसी खेत में



रविवार की सुबह पूर्व जिले में पेंड्रा मार्ग पर एक निजी ट्रैवलिंग कंपनी की यात्री बस दुर्घटना का शिकार हो गई। स्टेरिंग फेल होने से वाहन का कमानीपट्टा टूट गया और वह सडक़ से उतरकर खेत में जा घुसी। मामले की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। बताया जात है कि पेंड्रा से कोरबा आ रही रही एक निजी बस जडगा से कुछ दूर अमलडीहा में दुर्घटना का शिकार हो गई। बस में ड्राइवर और कंडक्टर के अलावा गिनती के यात्री सवार थे। पता चला कि बस के रनिंग शेड्यूल में ही एक बस का कमानीपट्टा टूट गया जिससे स्टेरिंग फेल हो गया। इसके साथ बस अनियंत्रित हो गई और सडक़ से उतरकर किनारे खेत में चली गई। हालांकि बस पलटने से बच गई। ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर हुए इस घटनाक्रम की जानकारी होने पर आसपास के लोग हरकत में आए। उन्होंने तत्काल इस पर संज्ञान लिया। जतगा पुलिस भी मौके पर पहुची। हादसे के इस दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

एक अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसामुड़ा की है। बताया जाता है कि ग्राम भैसामुड़ा निवासी महेंद्र कुमार बिंझवार उम्र 37 वर्ष पिता दीनदयाल बिंझवार शनिवार की देर शाम अपने गांव के समीप अपने नए घर अपने एक परिचित के घर शादी समारोह में शामिल होने गया हुआ था जहां से वापस लौटने के दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जहां राहगीरों की मदद से महेंद्र कुमार को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान देर रात को उसकी मौत हो गई।

## कोयला कारोबारी की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होली खेलने निकले एक कोयला कारोबारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। वह बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। उसे बस्तीवासियों की मदद से पुलिस इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंची थी।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत हाऊसिंग बोर्ड कालोनी खरमोरा निवासी अनिल यादव 50 वर्ष निवास करता था। जो कोयला का कारोबार करता था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह अनिल होली खेलने के नाम पर घर से निकला। वह होली खेलने रजगामार पहुंचा। अनिल कुछ दोस्तों से मिलने के बाद प्रेमनगर चला गया। दोपहर लगभग 3 बजे बस्तीवासियों ने अनिल को सडक़ के बीचोबीच बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। उसकी बाइक सडक़ पर खड़ी थी जबकि गमछा कुछ दूर पड़ा था। उस पर नजर पड़ते ही लोग एकत्रित हो गए। उन्होंने अनिल को होश में लाने का प्रयास किया लेकिन शरीर में किसी तरह की हरकत नही हुई। इस बात की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बस्तीवासियों की मदद से अनिल को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले आया, जहां डॉक्टरों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने बताया कि शॉर्ट पीएम में हृदय गति रुकने से मौत होना बताया जा रहा है हालांकि अंतिम पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत का वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## कार को बचाने के चक्कर में एंबुलेंस पलटी, चालक घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीती रात ग्राम बेंदरकोना के पास महतारी एक्सप्रेस 102 हादसे का शिकार हो गई। सरकारी एंबुलेंस बीच सडक़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें चालक बुरी तरह से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक काफी देर तक एंबुलेंस में ही फंसा रहा जिसे राहगीरों की मदद से बाहर निकाला गया फिर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इवेंट मिलने पर चालक देवदास जिला अस्पताल से एंबुलेंस को लेकर मरीज को लेने जा रहा था तभी गांव के पास मोड़ पर तेज रफ्तार कार को बचाने के चक्कर में हादसा हो गया। चालक के कंधे और हाथ में गंभीर चोट आई है। फिलहाल उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## पत्नी की मौत के बाद, पति ने भी लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरईबोध निवासी रामरतन चौहान 50 वर्ष रोजी मजदूरी कर तीन बेटे और पत्नी सुखमती बाई का पालन पोषण करते आ रहा था। उसकी पत्नि लंबे समय से बीमार थी। उसकी हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया गया था, जहां कई दिनों तक चले उपचार के बाद भी सेहत में सुधार नही हो सका, लिहाजा रामरतन पत्नी को घर ले आया। उसकी पत्नी की मौत 25 फरवरी को घर में ही हो गई। यह सदमा रामरतन बर्दाश्त नहीं कर सका और वह हमेशा गुमशुम रहता था। परिजन समय के साथ साथ सबकुछ ठीक हो जाने की सोच रहे थे लेकिन पत्नी की मौत के गम में डूबे रामरतन ने जान देने की ठान ली। उसने शुक्रवार की रात अपने कमरे में मां की साड़ी से फांसी लगा ली। परिजन कमरे में पहुंचे तो वह फंदे पर लटका मिला। परिजन फंदे से उतारकर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले आए, जहां चिकित्सकों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर अस्पताल पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई उपरांत मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### युवक ने लगाई फांसी, मौत

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनगुढ़ा के आश्रित ग्राम भंवरखोल निवासी परमेश्वर कुमार 20 वर्ष अपने दोस्तों के साथ शुक्रवार की दोपहर तक होली खेल रहा था। इसके बाद वह घर चला गया, जहां भोजन करने के उपरांत सो गया। शाम लगभग 6 बजे परमेश्वर सोकर उठा, फिर घूमने के लिए चला गया। उसके काफी देर तक घर नही लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इस दौरान उसकी लाश उनके ही खेत में महुआ पेड़ पर फांसी के फंदे में लटका मिला। मृतक के पिता ने बताया कि परमेश्वर ने शराब का सेवन किया था लेकिन उसने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी उसे भी नहीं है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### चीतल पर कुत्तों ने किया हमला, मौत

**कोरबा।** गर्मी का आगाज होते ही जलस्त्रोत सूखने लगे हैं, जिसका असर जंगल में विचरण करने वाले जीव जंतुओं पर पड़ रहा है। वे भोजन व पानी की तलाश में रिहायशी क्षेत्र की ओर कूच कर रहे हैं। इस दौरान कुत्तों के हमले का शिकार हो रहे हैं। कोरबा वनमंडल के करतला वन परिक्षेत्र अंतर्गत कनकी में शनिवार की सुबह कुत्तों के भौंकने पर ग्रामीणों की नींद खुल गई। वे अपने अपने घरों से बाहर आ गए। इस दौरान उनकी नजर एक चीतल पर पड़ी। जिसे कुत्तों ने चारों ओर से घेर लिया था।

## पेड़ पर लटकी मिली युवक की लाश

**कोरबा।** हसदेव बायीं तट में पेड़ पर एक युवक की लाश फंसी मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। परीक्षण उपरांत पता चला कि मृतक की मौत करीब 5-6 दिन पहले हुई होगी। वह पानी के तेज बहाव में बहकर आया होगा। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन की तरह बस्तीवासी मुख्य मार्ग की ओर गए हुए थे। इसी दौरान उनकी नजर सर्वमंगला नगर शराब दुकान के सामने हसदेव बायीं तट नहर के पेड़ पर पड़ी। इस पेंड़ में एक युवक की लाश फंसी हुई थी। यह खबर देखते ही देखते क्षेत्र में फैल गई। सूचना मिलने पर सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। उसकी पहचान कराई गई, इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने पहचानने से इंकार कर दिया। चौकी प्रभारी तिवारी ने बताया कि शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि उसकी मौत 5-6 दिन पहले हुई होगी। युवक की लाश पानी के तेज बहाव में बहकर आई होगी। चूंकि हसदेव बायीं तट नहर में पानी का बहाव कम हुआ है, तो पेड़ पर लटकी लाश दिखाई दी है। मृतक की पहचान जिला छपरा बिहार निवासी सुरेंद्र राय 34 वर्ष पिता जगलाल राय के रुप में की गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## नगर पालिका उपाध्यक्ष चुनाव के पूर्व कटघोरा में बड़ा उलटफेर



भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा के समक्ष सदस्यता लेती निर्दलीय पार्षद।

**खास बातें**

- निर्दलीय पार्षद राजेश्वरी जात्रा भाजपा में हुई शामिल
- उपाध्यक्ष बनाने भाजपा को अभी भी चाहिए 2 और पार्षदों का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

निकाय चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस से बगावत करने वाली निर्दलीय पार्षद राजेश्वरी जात्रा ने भाजपा में शामिल होकर बड़ा राजनीतिक उलटफेर किया है राजेश्वरी ने कांग्रेस से अलग होकर निकाय चुनाव लड़ा था और कटघोरा के वार्ड क्रमांक एक से जीत हासिल की थी अब भाजपा में शामिल होने के बाद भाजपा के नगर उपाध्यक्ष बनने की उनकी संभावनाएं बढ़ गई हैं, हालांकि भाजपा को अभी भी 2 पार्षदों के समर्थन की जरूरत होगी।

कटघोरा नगर पालिका में अध्यक्ष पद पर कांग्रेस का कब्जा है, और राज जायसवाल नगर पालिका अध्यक्ष बने हैं। कांग्रेस के पास कुल 9 पार्षदों का समर्थन है, जबकि भाजपा के पास अब 6 पार्षद हैं। पार्षद राजेश्वरी जात्रा का भाजपा में स्वागत कटघोरा रेस्ट हाउस में किया गया। जहां महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल व जिला भाजपा अध्यक्ष मनोज शर्मा ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए पार्टी में शामिल कराया। उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के कारण पार्टी से बगावत कर राजेश्वरी जात्रा ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत हासिल कर वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद बनी। वार्ड क्रमांक 1 में राजेश्वरी जात्रा की व्यक्तिगत पहचान अच्छी है, यही कारण है कि भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशियों को मात देकर उन्होंने जीत हासिल की है। श्रीमती जात्रा पूर्व में भी पार्षद रह चुकी हैं, जहां इन्होंने अपने कार्यकाल में विभिन्न कार्य करवाये थे, जिनसे वार्ड की जनता भलीभांति अवगत है, लिहाजा जनता ने पुनः इनको मौका दिया है। अब भाजपा की कोशिशें तेज हो गई हैं कि वे नगर उपाध्यक्ष पद पर कब्जा कर सकें, इसके लिए उन्हें 8 पार्षदों की जरूरत है। हालांकि, कांग्रेस की ओर से अभी तक इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पार्षद के पार्टी प्रवेश करने में मुख्य रूप से कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला महामन्त्री सन्तोष देवांगन, सहित पार्षद पवन अग्रवाल, अजय गर्ग, राजूदास दीवान, शिव कुमारी पटेल, मधुलता कश्यप सहित मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, जिला मंत्री संजय शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय धनोंदिया, बजरंग पटेल, गंगा पटेल, मनोज नायडू, उत्तम रंधावा, टीकम राजपाल, राहुल शर्मा, सौरभ शर्मा, मुकेश गोयल, मनोज दुबे, वीरेंद्र मोहन, श्याम जायसवाल, संमजीत सिंह सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे।

**(न्यायालय : - मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी रविन्दर कौर)**
प्रोसेस क्रमांक- 26/2025
**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
[धारा-82 देखिए]
दांडिक परिवाद प्रकरण क्रमांक - 32/2023
भारतीय स्टेट बैंक बनाम सुनील कुमार देवांगन
**नियत तिथि: - 26/03/2024**

मेरे समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया गया है कि आरोपी सुनील कुमार देवांगन पिता फुलसाय देवांगन, (मॉ सर्जिकल में लेब रिपोर्ट एजेंट) निवासी - वार्ड नंबर -07 प्रशांत टी.व्ही. सेंटर गली जांजगीर, तहसील व थाना जांजगीर, जिला - जांजगीर-चांपा (छ.ग.) ने लिखत पराक्रम्य अधिनियम की धारा 138 के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया है कि आरोपी सुनील कुमार देवांगन मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रुप में यह दर्शित कर दिया गया है कि आरोपी सुनील कुमार देवांगन फरार हो गया है। (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा दिया है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि परिवाद के उक्त आरोपी सुनील कुमार देवांगन से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए न्यायालय के समक्ष में तारीख - 26/03/2024 को हाजिर हो।
दिनांक-26/03/2024
**(रविन्दर कौर)**
**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जांजगीर**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
क्र./241/EWS/तह./2025
चांपा, दिनांक 07/03/2025
**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री यशंवत शिन्दे पिता श्री लखन शिन्दे जाति- मराठा (सामान्य) निवासी ग्राम-कुरदा प.ह.नं.03 तहसील चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्री अंतरा शिन्दे का ई.डब्ल्यू. एस. प्रमाण पत्र बनवाने हेतु 01. आवेदन पत्र, 02. आय प्रमाण पत्र 03. आधार कार्ड, 04. निवास प्रमाण पत्र, 05. अंक सूची सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/03/2025 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत तिथि के पश्चात् दावा / आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।
जारी दिनांक 07/03/2025
पेशी दिनांक 21/03/2025
**नायब तहसीलदार**
**चाम्पा**



17 JANJ-JANJ PG-03_Layout 1 3/17/2025 9:28 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन जरुरी




**बिर्रा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में शनिवार 15 मार्च को शाला परिवार द्वारा कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। इस मौके पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजू कश्यप सरपंच प्रतिनिधि रामस्वरूप कश्यप, युवा नेता सद्दाम हुसैन, प्रधान पाठक एवं शिक्षकों ने सभी बच्चों का तिलक लगाकर व पेन चाकलेट भेटकर सम्मान किया गया। प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन, संस्कार और समय के पाबंदी आवश्यक है। सभी परीक्षा में बिना कोई तनाव के बैठे ताकि अच्छा अंक अर्जित हो और आपके माता-पिता के साथ-साथ संस्था का भी नाम रोशन हो। सरपंच प्रतिनिधि रामस्वरूप कश्यप ने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए कक्षा आठवीं में प्रथम आने पर 1000 देने की घोषणा की। कार्यक्रम को शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजू कुमार कश्यप, युवा नेता सद्दाम हुसैन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नवाचारी शिक्षक पीतांबर प्रसाद कश्यप ने कहा कि जीवन में कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलती है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण,प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे शिक्षक पीतांबर प्रसाद कश्यप,टीका राम गोपालन एवं रामस्वरूप कश्यप राजू कुमार कश्यप सद्दाम हुसैन सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में होली मिलन समारोह आयोजित




**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोधना के परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम आचार्य गण द्वारा होलिका माता की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद विद्यार्थियों को रंग गुलाल लगाया गया वहीं विद्यार्थीयों ने भी आचार्यगण को रंग गुलाल लगाए। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने अपने सहपाठियों में रंग गुलाल, आलता लगाकर रंग के त्यौहार को बड़े धूमधाम से मनाए गए ।

### सामाजिक जागरूकता को लेकर कांशीराम ने हमेशा किया काम



**कोसमंदा।** ग्राम कोसमदा के भीम चौक मेन रोड में कांशीराम का 91 वां जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर बी आर प्रधान ने अपने विचार रखते हुए कहा कि बहुजन समाज में जन्म लिये संत महापुरुषों को हमेशा याद करने वाली बहुजन समाज भले ही सत्ता में ना हो मगर यह सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति के आंदोलन को लेकर कार्य करता है। यह महापुरुषों का आंदोलन को लेकर कार्य करता है। सूर्यवंशी समाज के पूर्व अध्यक्ष उदल किरण ने निरंतर उनके कार्यों को समाज के लोगों को हमेशा याद करते रहने कहा। उन्होंने कहा कि काशीराम ने आजीवन अविवाहित रहकर बहुजन आंदोलन को जागरूक करके सामाजिक जागरूकता को लेकर हमेशा कार्य करते रहे। उनकी कार्यों को कभी भी समाज के लोग भूला नहीं सकते। कार्यक्रम में हरिराम बौद्ध, जीडी प्रधान, सेवक, गणेश कोसले, पुरुषोत्तम, मनोज अनिल एवं रामकुमार प्रधान, रामकुमार उपस्थित थे।

### प्राथमिक विद्यालय तालदेवरी में न्यौता भोज आयोजित



**तालदेवरी -बिर्रा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तालदेवरी में नेवता भोज एवं होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बी आर सी सी एच के बेहार गुरुदेव, विशिष्ट अतिथि मुरारी लाल थवाईत सेवा निवृत्त प्रधान पाठक, अरुण कुमार कश्यप सेवा निवृत्त शैक्षिक समन्वयक, लखन लाल कश्यप शैक्षिक समन्वयक बिर्रा, गुरु प्रसाद भतपरे शैक्षिक समन्वयक सिलादेही, ललित मनहर शैक्षिक समन्वयक, नवनिर्वाचित सरपंच सीमा शुकलाल सोनवानी,छेदी राम साहू, रतीराम पटेल,लकेश्वर साहू जी शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष रहे। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को भोजन के साथ पूरी मिठाई खिलाकर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर चरणसिंह खैरवार प्राचार्य, पापिया चक्रवर्ती, बबीता भगत, कुसुम उरांव, ओमप्रकाश पटेल प्रधान पाठक, मथुरा मधुकर प्रधान पाठक, योगेश निर्मल कर, मनबोध पटेल, बंधु राम साहू, हेमंत कश्यप, नवधा राम चंद्रा, कन्हैया लाल देवांगन, पंकज यादव, मनोज पाटले, अश्वनी आजाद, श्रीगेन्द राय, छबि कुमार पटेल व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नगाड़ों की थाप पर बच्चे, युवा, बुजुर्ग सहित सभी लोगों ने जमकर खेली होली

# हर्षोल्लास से मना रंगों का त्यौहार होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर में त्यौहार होली धुमधाम से मनाया गया। बच्चें, युवा, बुजूर्ग हर वर्ग के लोगों ने जमकर होली खेले। होलिका दहन से लेकर नगाड़ों की थाप ,रंग गुलालों की बौछार तक लोगों में भरपूर उत्साह व उमंग देखा गया। होली की पूर्व संध्या में नगर के अनेकों स्थानों में होलिका दहन का आयोजन किया गया। सभी मोहल्ले में पूजा अर्चना के साथ होलिका दहन किया गया।

समाजिक स्तर पर भी विभिन्न समाजों द्वारा होली दहन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के महिला पुरूष सभी शामिल हुए। अग्रवाल समाज द्वारा गौशाला मैदान में होलीका दहन किया गया। समान्य तौर पर लकड़ी इकठ्ठा कर होली बनाये गये थे वही कुछ एक स्थानों में कंण्डे से होलिका तैयार किया गया था। 13 मार्च की रात में होलिका दहन किया गया। दुसरे दिन रंगो का त्यौहार होली का आयोजन किया। वैसे तो सुबह से ही बच्चें होली खेलना शुरू कर दिये थे लेकिन मुहूर्त को लेकर होली 11 बजे के बाद अपने शबाब में आया। टोलियां रंग गुलाल लगाते , डीजे , डोल , नगाड़ों की थाम में जमकर नाच गाते रहें। एक दुसरे को रंग गुलाल लगाते, बड़ों बुजुर्गो से आर्शिवाद लेते व हम उम्रों से गले लगते नजर आये। होली खेलने का उत्साह बच्चों में देखते ही बनता था। बांटियों व टप की पानी में रंगघोल कर बच्चें अपने अपने घर के दरवाजे में डटें रहें। भिन्न प्रकार की पिचाकरियों में रंग भर कर आने जाने वालों को रंगों से सराबोर करते और जोर से कहते हैप्पी होली। बच्चें आपस में एक दुसरें पर भी पिचारियों चलाते। कई मोहल्ले में बच्चें टोलिया बना कर होली खेलते नजर आये।



एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली खेलते युवा।

### चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

पुलिस द्वारा होली का त्यौहार शांति पूर्ण सम्पन्न कराने चाक चैबंद व्यवस्था की गई। होली का दहन की रात से पुलिस के जवान नगर में पेट्रोलिंग करते रहें। हर चैक चैराहों में पुलिस के जवान तैयनात थे। पूरे नगर में पुलिस की गाड़ी सायरंन बजाते हुए घुमती रही।

### दूसरे दिन महिलाओं ने खेली होली

रामबाधा तालाब में बने शिव पंचायत मंदिर में 15 मार्च को महिला कीर्तन मण्डली द्वारा भगवान शंकर की पूर्जा अर्चना किया गया। इसके बाद कीर्तन भजन व डीजे की धून पर महिलाओं द्वारा जमकर फूल होली खेली गई। होली के दिन कई मोहल्ले में महिलाओं ने एक द्वुसरे को रंग गुलाल लगाते नजर आई।

### लीनेस क्लब सक्ती ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई होली



**सक्ती।** सेवा कार्य में अग्रणी आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम -1संपदा सक्ती के सदस्यों ने दिव्यांग बच्चों के साथ होली की खुशियां बांटी सभी बच्चों को होली की टोपी पहना हर्बल गुलाल लगा होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी सभी बच्चों के साथ होली के गीत का आनंद लिये एवं स्वालाप्हार कराया सभी बच्चे बहुत खुश हुए इस अवसर पर लीनेस अध्यक्ष लीनेस अल्का कंवर, सचिव लीनेस भगवती देवांगन,लीनस डा शालू पाहवा, मंजू जायसवाल, अनीता सिंह, विजया जायसवाल, सुमन सिंह, ललिता साहु,रीता राज,गोपी जायसवाल, मीरा देवांगन एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर मनाया होली त्यौहार



**अकलतरा।** फागुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर नगर एवं क्षेत्र में धूमधाम एवं हर्षोल्लास से होली का त्यौहार मनाया गया। होली के चार-पांच दिन पहले से ही नगर की सड़कों में स्थान -स्थान पर रंग- गुलाल ,पिचकारी ,मिठाई एवं नगाड़ों की दुकानें सजाई गई थी। नगर के विभिन्न स्थानों में बच्चों एवं युवकों के द्वारा होलिका का निर्माण किया गया था जिसे 13 मार्च को दहन करने के पश्चात 14 मार्च को एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर हर्षोल्लास के साथ होली का त्यौहार मनाया गया। इस दौरान नगर में युवकों की टोली गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण कर एक दूसरे से गले लग कर एवं रंग गुलाल लगाकर बधाई देते हुए नजर आए। पूरे नगर में कुछ दूरी के अंतराल में युवकों की टोली होली के गीतों पर थिरकते हुए नजर आए। क्षेत्रवासियों के द्वारा पूरे उमंग उत्साह एवं ऊर्जा के साथ होली का त्यौहार मनाया गया। होली त्यौहार के दौरान उपद्रवियों से निपटने एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासन की टीम भी मुस्तैद नजर आई। पुलिस के जवान नगर के समस्त चौक चौराहों में मुस्तैदी के साथ गस्त करते हुए नजर आए। नगर एवं क्षेत्र में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से शांतिपूर्वक होली मनाई गई।

### वरिष्ठ नागरिक मंच के मासिक बैठक के दौरान होली मिलन कार्यक्रम

**अकलतरा।** वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक कुंवर भुवन भाष्कर सिंह शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्थित कार्यालय भवन में होली मिलन के रूप में सम्पन्न हुई। माता सरस्वती की पूजन एवं वरिष्ठ कवि रमेश सोनी की वंदना से प्रारंभ हुई। सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल मलकर होली की शुभकामनाएँ दी। बौद्धिक रचनाओं से युवा कवि राजेश उर्मिल ने अभिसिक्त किया। दशरथ नामदेव, रमेश सोनी ने हास्य व्यंग्य की कविताएं सुनाकर वातावरण को उल्लासमय बनाया। वीरेन्द्र जैन एवं अध्यक्ष रमेन्द्र सिंह चौहान ने भी लतीफे व चुटकुले सुनाकर सदस्यों को ठहाके लगाने के लिए मजबूर किया। मार्च माह मे जन्मदिन वाले मंच के वरिष्ठ सदस्य रामभरोस कैवर्त एवं वीरेन्द्र जैन का शाल श्रीफल से सम्मान कर उनके दीर्घायु व आरोग्यमय जीवन की मंगलकामनाए की गई। अकलतरा में साहित्यिक वातावरण बनाने के लिए युवा कवि को अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं उन्हें भी श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह चौहान, सचिव रमेश सोनी, रामभरोस कैवर्त, वीरेन्द्र जैन, बजरंग जायसवाल, जयकुमार अग्रवाल, रामाधीन यादव, दशरथ नामदेव, धारी सिंह, राजेश अग्रवाल, दरस यादव, टी आर देवांगन , भरत सिंह चंदेल सहित सदस्यगण उपस्थित थे।



## विभिन्न प्रकार की आजीविका गतिविधियों का हो रहा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के नवरत्न ग्राम संगठन और नवकुटुम्ब ग्राम संगठन के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत पलाड़ीकला पंचायत भवन में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया है।

■ ग्राम पंचायत पलाड़ीकला में होली मिलन समारोह आयोजित

समारोह में एनआरएलएम सक्ती के डीएमएम राजीव श्रीवास, किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन, जिला ब्यापार उद्योग केंद्र चाम्पा के डीआरपी संतोष कुमार शुक्ला,पलाड़ीकला पंचायत के सरपंच रूद्र नारायण साहू, उपसरपंच चंद्रिका साहू,बीपीएम ज्ञानेंद्र राय, एडीईओ ऋषि कंवर,पूर्व सरपंच उमा बरेठ, एफएलसीआरपी पुष्पा साहू,प्रमुख रूप से शामिल हुए। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुये एनआरएलएम सक्ती के डीएमएम राजीव श्रीवास ने कहा कि जिले में पलाड़ीकला एक ऐसा गांव है, जहां पर बिहान की दो ग्राम संगठन है जो बिहान क्रेडरों के सहयोग से विभिन्न प्रकार की आजीविका गतिविधियों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। यहां की समूहों को एसबीआई आरसेटी जांजगीर द्वारा भी कृषि क्षेत्र में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया है। जिले में इस गांव को बिहान कार्यक्रम में मॉडल बनाया जाएगा। समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन ने कहा कि यहां की बिहान महिला स्व सहायता समूहों का कार्य निश्चित रूप में अपने आप मे सराहनीय है। वरिष्ठ पत्रकार



उपस्थित बिहान की महिलाओं को संबोधित करते अतिथि।

कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने कहा कि बिहान की महिलाएं कृषि क्षेत्र में पशु पालन, बकरी पालन, मछली पालन, सब्जी खेती और खाद्य प्रसंस्करण को लेकर कई प्रकार की आय जनक गतिविधियों का संचालन करके आय अर्जित कर कर रही हैं। ऐसे गांव को बिहान कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के साथ अभिषण के साथ मॉडल बनाये जाने की जरूरत पर प्रकाश डाला। जिला ब्यापार उद्योग केंद्र चाम्पा के डीआरपी संतोष कुमार शुक्ला ने बिहान की गतिविधियों की सराहना करते हुए फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाये जाने के कारोबार से जोड़ने का आश्वासन दिया। गांव के सरपंच रुद्र नारायण साहू ने गांव के सर्वांगीण विकास में बिहान की भूमिका को अहम बताते हुए जनहित, समाजहित के काम में हरसंभव मदद की बात कही। कार्यक्रम को समाजसेविका वंदना साहू,मितानिन कार्यक्रम के एमटी देवकुमारी कर्ष आदि ने संबोधित किया।

### इंडियन पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनी होली

**जांजगीर-चांपा।** इंडियन पब्लिक स्कूल में गुरुवार 13 मार्च को विद्यालय प्रांगण में होली उत्सव अयोजित किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगा कर होली की मस्ती की। इस कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 8वीं तक बच्चे थे। विद्यालय के अध्यक्ष विजय राठौर एवं सचिव श्रीमती ललिता राठौर ने कहा की होली उत्सव आपसी भाई-चारे का प्रतीक है। आपसी गिले शिकवे को दूर कर होली का पर्व मनाना चाहिए। उन्होंने सभी को सुरक्षित होली खेलने के लिए जागरुक किया। बच्चों ने शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ रंग गुलाल लगा कर होली का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में प्राचार्या सहित समस्त शिक्षक गंण उपस्थित थे।



## बुजुर्गों को शीघ्र मिलेगी श्याम सदन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पेंशनर फोरम जिला इकाई शक्ति के द्वारा जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित सक्ती नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल उपस्थित रहे।




कार्यक्रम के दौरान मंचस्थ अतिथि।

■ छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पेंशनर फोरम जिला इकाई का होली मिलन समारोह आयोजित

सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मंच संचालन कर रहे संघ के जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज ने बताया कि नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल कोई परिचय के मोहताज नहीं है वो हमेशा लोगों के सुख दुख में खड़े रहने वाले लोगों की सेवा करने वाले है। संघ के प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी ने बताया कि हमारे छोटे भाई को इस पद पर और आज मुख्यअतिथि के रूप में हम इस कार्यक्रम में पाकर प्रफुल्लित महसूस कर रहे है। मुख्यअतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैने अपने जीवन में बहुत सी जगह में मुख्यअतिथि बनकर गया हु लेकिन जो स्वागत सत्कार मैने आज यहां पाया है वो अपने जीवन काल में और कही नहीं पाया आज आप लोग जितने जनसमुदाय यहां उपस्थित है सब कोई मेरे पिता समान कोई मेरे बड़े भाई के समान और मेरे गुरुजनों के द्वारा जो फूलों की वर्षा करकर मुख्य द्वार से इस रूम तक मुझे लाया गया उसको मै कभी भूल नहीं पाऊंगा। मैं आप सभी के लिए नगर पालिका द्वारा बुजुर्गो के लिए जो श्याम सदन बनवाया गया है उसको मै आपलोग के हाथों में सौंपना चाहता हु जिससे उसकी देख रेख भी हो सके और उस भवन का सही उपयोग भी हो सके। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मधुसूदन शर्मा,कमल वर्मा, बी. पी.शर्मा,रमेश तिवारी,भोला शंकर तिवारी,राधेलाल भारद्वाज, तुलसी राठौर, सहित फेडरेशन के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## फाउंडेशन ने बच्चों को मुस्कान देकर मनाया होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन द्वारा ग्राम महमदपुर में धनवार पारा के बच्चों के साथ होली का त्यौहार मनाया गया। वेल विशर फाउंडेशन में अध्यक्ष अविनाश सिंह ने बताया कि त्यौहार का असली अर्थ खुशियां बांटना है।

हम इस बार ग्राम महमदपुर के बच्चो को होली पर पिचकारी, गुलाल, टोपी, बाजा, बिस्किट, चॉकलेट आदि बांटे। वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा ने बताया कि संस्था विगत 10 सालों से क्षेत्र में सभी बड़े त्यौहार बच्चो को खुशियों बांट कर मनाती है। जरूरत मंद लोगो को त्यौहार में भोजन, कपड़े, मिठाई आदि सामग्री प्रदान कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने छोटा सा प्रयास करते हैं। उनके चेहरो पर जो मुस्कान जो खुशियां है वही हमारे संस्था की सबसे बड़ी धन है। संस्था के सदस्य दीपक साहू ने कहा कि वेल विशर फाउंडेशन लगातार सेवा कार्य कर रही है और त्यौहार पर खुशियां बाँटते आ रही है। कार्यक्रम में वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह, सचिव चिराग शर्मा, कोषाध्यक्ष रंजना सिंह, सदस्य दीपक साहू, गौतम साहू, शरद सिंह, मोहन कश्यप, सौरभ सिंह, सतीश मानिकपुरी व ग्राम के जागृति कंवर, प्रमोद कुमार व भारती कंवर उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे एवं वेल विशर फाउंडेशन के पदाधिकारी।

## प्रदूषण शहर देते हैं गांव नहीं, एक पेड़ लगाओ यारों बिजली के खम्भे कभी छांव नहीं देते

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

होली के अवसर पर नगर की सामाजिक संस्था पहल के द्वारा तीसरे वर्ष नगर के शास्त्री चौक में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पहल के सदस्य डॉ राजीव दीक्षित ने कहा कि नगर में होली की शाम को हास- परिहास करने की लंबी परंपरा रही है। नगर के शास्त्री चौक में बहुत सालों तक मूर्ख सम्मेलन का आयोजन होता था। इसी परंपरा को जारी रखते हुए विगत 2 वर्षों से होली पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे नगर के सुप्रसिद्ध कवि बंशीधर मिश्रा ने फर्जी बाबो पर चुटकी लेते हुए अपनी रचना सुनते हुए दर्शकों को लोटपोट कर दिया। उन्होंने कहा कि जब बंद हो गया मेरा दुकानदारी और ढाबा,मै भी सोचा यार बन जाता हूं बाबा,आदमी जब तक पढ़ लिख के अंधा रहेगा,टाप नंबर पर बाबा गिरी का धंधा रहेगा। कवि सम्मेलन में आसनसोल से आए हास्य व्यंग्य के कवि पवन बांके बिहारी ने गर्लफ्रेंड पर अपनी रचना सुन कर लोगों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि आपके जीवन में कोई गम न हो,आपकी आंखें आंसुओं से नम न हो, आपको मिले,रोज रोज नई गर्लफ्रेंड,किसी की उम्र छिहत्तर से कम न हो। क्षेत्र के वरिष्ठ कवि रमेश सोनी ने अपनी रचना में गंगा स्नान का महत्व बताया। रायपुर से आए कई रमेश विश्वहार के द्वारा फागुन एवं होली पर आधारित अपनी रचना सुनाकर लोगों की ताली बटोरी। इलाहाबाद से आए कवि मनोज इलाहाबादी ने पर्यावरण संरक्षण पर अपनी कविता प्रदूषण शहर देते है हमारे गांव नही देते, एक पेड़ लगाओ यारों तुम्हारे बिजली के खम्भे कभी छांव नही देते सुना कर लोगों को संजीदा कर दिया। नगर के युवा कवि राजेश उर्मिल, कटनी की युवा कवित्री प्रियंका मिश्रा ने भी कविता सुनाकर लोगों को भाव विभोर कर दिए। इस दौरान आयोजन समिति के द्वारा सभी कवियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन संस्था के सदस्य राजेश अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में लक्ष्मण मुकीम, नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी, मंजू सिंह,अरुण राणा, विजय केडिया, मोहम्मद इमरान खान, खूलन सोनवानी, रोहित सारथी, अभिषेक मिश्रा, कमल केडिया, रमेन्द्र सिंह चौहान, डॉ रामायण सिंह, डॉ महेंद्र सोनी, डॉ श्रेया दीक्षित, आरसी मिश्रा, देवेंद्र जैन, रामभरोस कैवर्त, निरंजन मुकीम, मूलचंद लिखमनिया, संतोष अग्रवाल सहित नगरवासी एवं क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

■ नगर के शास्त्री चौक में पहल संस्था के द्वारा अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन



कविता पाठ करते कवि।

### पवित्रता का त्यौहार है होली, सारी बुराइयों को खत्म कर आपस में भाईचारे से रहने की मिलती है शिक्षा



**खरौद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओम शांति भवन खरौद सेवाकेंद्र में होली मिलन एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया। सेवाकेंद्र के प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने समस्त महिलाओं एवं महिला पार्षदों का स्वागत करते हुए कहा कि आज हमारे भारत और सम्पूर्ण विश्व में महिलाओं का योगदान हर क्षेत्र में अधिक से अधिक हो रहा है। वैज्ञानिक, सामाजिक, राजनीतिक, क्षेत्र में महिलाओं के द्वारा नये नये कार्य किए जा रहे हैं। सबसे ज्यादा आध्यात्मिक क्षेत्र में उनका योगदान सराहनीय है। होली का महत्व बताया गया कि ये पवित्रता का त्यौहार है, अपने अन्दर के सारी बुराइयों को खत्म कर आपस में भाई चारे से रहने की शिक्षा मिलती है। सभी को आत्मिक स्मृति का टीका लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। ब्रह्माकुमारी चन्द्रकान्ता, ब्रह्माकुमारी अनीता बहन एवं समस्त माताओं बहनों ने एक दूसरे का रंग गुलाल लगाकर होली मिलन उत्साह पूर्वक मनाया गया। समस्त पार्षद बहनों ने ऐसे कार्यक्रम की सराहना करते हुए आग्रह किया गया कि और भी अच्छे-अच्छे प्रोग्राम करें और हम हमेशा आपके साथ सहयोग प्रदान करेंगे,आते रहेंगे।इस प्रकार के प्रोग्राम से हमारे में नई उर्जा का संचार होता है,समाज को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है।

## खबर संक्षेप

### बीआरसी ने ली केन्द्राध्यक्ष प्रधान पाठकों की बैठक



**बिर्रा ।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत संकुल केंद्र बिर्रा में संकुल केंद्र डी डी एस बिर्रा एवं सिलादेही का केंद्र अध्यक्ष एवं प्रधानपाठक का बैठक एच. के. बेहार बी आर सी बम्हनीडीह एवम रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक संकुल केंद्र बिर्रा की उपस्थिति में रखा गया। श्री बेहार ने सभी प्रधानपाठकों को बचा हुआ अपार डी को पूर्ण करने एवं संकुल बिर्रा का अपार आई डी 92 प्रतिशत पूर्ण होने पर सभी प्रधानपाठक एवं संकुल समन्वयक रामकिशोर देवांगन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कक्षा 5 वी एवं 8 वी की परीक्षा शांति पूर्वक लेने हेतु निर्देश दिये। श्री रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक ने सभी विद्यालय एवं टॉयलेट की साफ सफाई एवं परीक्षा में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति हेतु पलको से संपर्क करने निर्देशित किया गया। बैठक में संकुल बिर्रा ,संकुल केंद्र डी डी एस बिर्रा एवं सिलादेही के प्रधानपाठक एवं केंद्राध्यक्ष उपस्थित थे।

### महामंडलेश्वर राजेश्री महंत का एक दिवसीय जिला प्रवास आज

**जांजगीर-चांपा।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज का एकदिवसीय जांजगीर चांपा जिला प्रवास का कार्यक्रम निर्धारित हुआ है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग मंगलवार 18 मार्च को दोपहर 12 बजे श्री दूधाधारी मठ रायपुर से रवाना होकर दोपहर 2:30 बजे जांजगीर पहुंचेंगे यहां स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। अपराह्न 3 बजे उनका आगमन ग्राम खोखरा तथा शाम 4 बजे ग्राम भैंसदा होगा। यहां वे श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होंगे। 5 बजे उनका आगमन ग्राम अमोरा होगा यहां पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुनीराम कश्यप के यहां शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। 5:30 बजे पामगढ़ विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम कचंदा पहुंचकर यहां शोक संतृप्त परिवार से भेंट मुलाकात करेंगे। 6 बजे उनका आगमन शिवरीनारायण मठ होगा यहां से भगवान के दर्शन पूजन के पश्चात शाम 7 बजे रवाना होकर रात्रि 10 बजे श्री दूधाधारी मठ रायपुर पहुंचेंगे।

### परसदा में अखंड नवधा रामायण कल से

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत परसदा के शंकरपारा में बुधवार 19 मार्च से अखंड नवधा रामायण प्रारंभ हो रहा है। कथा विश्राम शुक्रवार 28 मार्च एवं हवन, सहस्त्रधारा शनिवार 29 मार्च को होगा। नवधा रामायण के आचार्य पं. सनत मिश्रा होंगे। नवधा रामायण गायन में प्रत्येक मंडली को सम्मानित किया जाएगा। नवधा रामायण की तैयारियों को लेकर फागूराम केंवट, शशिकांत सोनी, ताराचंद कैवर्त्य, रवि पटेल, आर.आर.मरकाम, महेन्द्र पटेल, विजय वर्मा सहित पदाधिकारी कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है।

### नाराज पंचायत सचिवों ने किया विधानसभा का घेराव



**जांजगीर-चांपा।** पंचायत सचिवों के शासकीयकरण नही होने से नाराज पंचायत सचिवों ने राजधानी रायपुर के धरना स्थल तूता में 17 मार्च को उपस्थित होकर सभा के बाद रैली के माध्यम से विधानसभा घेराव किया। मोदी की गारंटी पर अमल नहीं होने से पंचायत सचिवों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया है। भाजपा सरकार के वादे के बावजूद 100 दिन का वादा ,422 दिन बाद भी कोई पहल नहीं हुआ है। विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान मोदी की गारंटी संकल्प पत्र में भाजपा ने वादा किया था कि सरकार बनने के 100 दिनों के भीतर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाएगा। पंचायत सचिवों ने इस वादे पर भरोसा करते हुए भाजपा सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई,लेकिन सरकार बनने के 17 महीने बाद भी यह वादा अधूरा है,जिससे पंचायत सचिवों में आक्रोश है। पंचायत सचिवों के स्थापना दिवस पर आभार एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पंचायत मंत्री विजय शर्मा पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह महिला व बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं भाजपा संकल्प पत्र के संयोजक व दुर्ग सांसद विजय बघेल उपस्थित थे,लेकिन पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को लेकर ठोस आश्वासन नही दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कंहा था कि घोषणा की जरूरत नही है अमल में लाया जाएगा परन्तु 422 दिन बाद भी कोई ठोस पहल नही होने से पंचायत सचिवों के परिवारों में सरकार के प्रति भारी आक्रोश व रोष व्यापत है। 18 मार्च से प्रदेश भर के पंचायत सचिव ब्लाक मुख्यालय में काम बंद कलम बंद अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने का ऐलान कर चुके है। पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारियों का कहना है जब तक मांग पूरा नही हो जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। विधानसभा घेराव में जांजगीर चाम्पा सचिव संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गहलोत, पूर्व प्रांतीय सचिव लकेश यादव, पूर्व प्रांताध्यक्ष सीताराम कर्ष, सुमित सिंह, गजानंद साहू, नरेश यादव, देवेंद्र कौशिक, अवधेश मिश्रा, पीलाराम साहू, सड़वा साहू, कृष्ण कुमार राठौर, मालिकराम कश्यप आदि शामिल हुए।

#### पीआईएल में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का हुआ समापन, विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

# सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी : पारीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड चांपा में आयोजित 54 वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन 12 मार्च को हुआ। समापन अवसर पर कर्मचारी एवं श्रमिकों के द्वारा सुरक्षा संबंधित नुक्कड-नाटक का आयोजन किया गया। वहीं श्रमिकों के लिए आयोजित सुरक्षा संबंधित गीत, भाषण प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम.के. पारीक यूनिट हेड थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में डॉ संजय सिंह, प्रदेशाध्यक्ष इंटक पी.आई.एल., सुधाकर सारस्वत, अध्यक्ष, पर्चेस विभाग, अशोक शर्मा, अध्यक्ष, एकॉउट विभाग, उदय सिंह, कारखाना प्रबंधक, एस. कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इलेक्ट्रिकल विभाग, अशोक वैष्णव, सहायक उपाध्यक्ष, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग उपस्थित थे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों द्वारा गणेशजी की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अशोक वैष्णव के द्वारा वर्ष 2024 की दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए इस वर्ष की थीम विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्री पारीक ने कहा कि आप सभी ने सुरक्षा कार्यक्रम में भाग लेकर बहुत कुछ सीखा है। हम घर से चलते है तो बहुत जगह ट्रैफिक होती है उनसे बचने के लिए हम गाडी की गति सीमा को बढा कर चलते है और आगे जाकर हम दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है इसलिए कही भी जाये हेल्मेट धारण कर चले ताकि दुर्घटना न हो।





कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है क्योंकि यदि कार्यक्षेत्र में किसी एक कर्मचारी दुर्घटनाग्रस्त होती है तो वहा के विभाग, पूरा प्लांट एवं परिवार चिन्तित होता है। इसलिए आप सभी सुरक्षित कार्य करे एवं सुरक्षित रहें। डॉ. संजय सिंह ने कहा कि सुरक्षा उपकरणों का उपयोग आत्मसात से करना चाहिए, क्योंकि मानव जीवन अनमोल है यह दोबारा नहीं मिलेगा, इसलिए सुरक्षा उपकरणों का सही तरीके से उपयोग करते हुए कार्य करें। सभी सुरक्षित काम में आये और कार्य को संपादन कर सुरक्षित घर जाये। तभी हमारा जीवन सार्थक होगा। उदय सिंह ने कहा कि सुरक्षा उपकरण को धारण कर कार्य करना सही है। प्रत्येक कर्मचारी अपने कार्य को पूरी समझदारी से करे। साथ ही कर्मचारी जिस कार्य के लिए आये है उसी कार्य को करे, बिना अनुमति एवं जानकारी के अन्य कार्य को न करे। शिवदयाल कर्ष ने उदबोधन में कहा कि संयंत्र में अपने कार्य को लगन एवं ईमानदारी पूर्वक सुरक्षित होकर करे, क्योंकि हमारी सुरक्षा केवल हमारी ही नहीं अपितु पूरे परिवार की सुरक्षा है। सुधाकर सारस्वत ने अपने उदबोधन में कहा कि सुरक्षा से हमें सकुशलता पूर्वक तथा मंगलमय जीवन की सुखद अनुभूति होती है। हमारा जीवन केवल हमारा जीवन ही नहीं यह हमारे परिवार व देश की धरोहर भी है। कार्यक्रम को अशोक शर्मा, एस.कुमार ने भी संबोधित करते हुए हमें अपनी सुरक्षा पर ध्यान देने की बात कही। इसके बाद उपस्थित श्रमिकों द्वारा सुरक्षा संबंधित गीत, भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागीयों ने बढ-चढ कर भाग लिये। विजयी प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन संतोष थवाईत, सहायक महाप्रबंधक, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग एवं आभार प्रदर्शन देवेन्द्र राठौर, सहायक प्रबंधक, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के द्वारा किया गया। सेफ्टी उपकरण प्रदर्शिनी का उदघाटन मुख्य अतिथि एम.के.पारीक, विशिष्ट अतिथि डॉ संजय सिंह, सुधाकर सारस्वत, अशोक शर्मा, उदय सिंह, एस. कुमार, अशोक वैष्णव के द्वारा किया गया। 54 वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ 4 मार्च को यूनिट हेड एम.के.पारीक ने ध्वजारोहण कर किया था। इस दौरान कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति शपथ दिलायी गयी। साथ ही सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग से विवेक ए. सिंह, राकेश शर्मा, अमर जलतारे, भास्कर सिंह राजपूत, ब्रिजेशबहादुर पाल, राजेन्द्र मिश्रा, प्रमोद अग्रवाल, रामेश्वर पटेल का योगदान सराहनीय रहा।

# बार बार बिजली कटौती से छात्र-छात्राएं हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

**खास बात**

- किसानों की सता रही है फसल के मुरझाने की चिंता

मालखरौदा पिहरिद स्थित विद्युत सब स्टेशन से बिजली की कटौती के कारण धान मूंगफली, मूंग, उड़द आदि रबी फसलों में सिंचाई हो पा रही है। सैकड़ों किसानों ने निजी ट्यूबवेल के भरोसे यह फसलें लगाई है परंतु दिन में 12-13 घंटे की कटौती से उनकी फसल खराब हो रही है जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। इससे किसानों में धीरे धीरे नाराजगी बढ़ती जा रही है।

किसानों का कहना है कि गर्मी की शुरुआत हुआ है तभी से ही बिजली की कटौती का कोई टाइम टेबल समय निर्धारित नहीं है। वही एक फेस में लाइन देकर घंटों तक दो फेस बिजली को बंद कर दी जाती है। किसानों का आरोप है कि बड़े सीपत पिहरिद सतगढ़, भुतहा, भठोरा, अमेरडीह नवागांव जैसे गाँव में 24 घंटे में मात्र 15 घंटे ही उन्हें बिजली सही ढंग से मिल पा रहा है। दूसरी और स्कूल कॉलेज की परीक्षा भी चल रहा है बिजली कटौती के चलते बच्चे खासे परेशान हैं बच्चों को ऐसे में अच्छे मार्क्स लाने की चिंता सता रही है। बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं किया जा रहा है, जिस तरह से बिजली की कटौती हो रही है उससे पूरे दिन भर में एक एकड़ जमीन में भी पानी ट्यूबवेल हेतु नहीं चल पा रहा है क्योंकि 1 घंटे चलने के बाद ही पुनः कटौती किया जा रहा है जिससे पानी जहां तक पहुंचा हैवहां तक फिर जाने में समय लग रहा है। बार-बार बिजली की कटौती से सूखा फसल में भी पानी नहीं पहुंच पा रहा है। विभाग से जुड़े कर्मचारियों से पूछे जाने पर ओव्हर लोड की समस्या होने की बात हमेशा कहते है इंडक्शन जलाए जाने की भी बात सामने आ रहा है किंतु यह विभागीय समस्या है जिनका निपटारा विभाग को समय रहते करना चाहिए। सैकड़ो किसानों द्वारा अपने निजी ट्यूबवेल के भरोसे रबी फसल मूंगफली, मूंग उड़द धान सहित फसल लगाया गया है लेकिन बिजली विभाग के लापरवाही के कारण फसल मुरझा रहे हैं। बताया जा रहा है बेलादुला और डोंगिया फिटर से एक-एक घंटा एक-एक फेस की बिजली कटौती की जा रही है। यदि समय रहते बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं सुधारा जाता है तो किसानों द्वारा जन आंदोलन भी किया जा सकता है। मालखरौदा के जनपद पंचायत अध्यक्ष कवि शरण वर्मा का कहना है कि जिन जगहों पर बिजली की समस्या आ रही है उप यंत्री को बात कर व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा जाएगा।

## होली मिलन ...



**जांजगीर-चांपा।** जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में जांजगीर-चांपा विधान सभा के कार्यकर्ताओं का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विधानसभा स्तरीय होली मिलन समारोह में भाजपा नेता इंजी. रवि पाण्डेय के मृदंग के थाप पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े जमकर थिरके। फोटो : हरिभूमि

# 6 माह के लिए राजेश्वरी बनी स्थानापन्न सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

नवनिर्वाचित सरपंच की आकस्मिक निधन के बाद 6 माह के लिए महिला पंच राजेश्वरी मरकाम को जाटा और आश्रित ग्राम बहेराडीह के सभी पंचों ने मिलकर सर्वसम्मति से निर्विरोध स्थानापन्न सरपंच

- सभी पंचों ने मिलकर सर्वसम्मति से बनाया निर्विरोध स्थानापन्न सरपंच

बनाया है। स्थानापन्न सरपंच के सामने कई बड़े चुनौतियां है, जिसे सामना करना आसान नहीं है।



उपस्थित स्थानापन्न सरपंच एवं पंचगण।

मामला बलौदा ब्लॉक अंतिम पूर्वी छोर पर स्थित जाटा पंचायत की है। जहां नवनिर्वाचित सरपंच भगवती मरकाम के आकस्मिक निधन के बाद पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत धारा 38,1,क अनुसार पंचायत के ही आदिवासी महिला पंच राजेश्वरी मरकाम को जाटा और आश्रित ग्राम बहेराडीह के सभी पंचों ने मिलकर सर्वसम्मति से निर्विरोध स्थानापन्न सरपंच बनाया है। लेकिन स्थानापन्न सरपंच के सामने कई बड़े चुनौतीया सुरसा की भांति मुंह फैलाये खड़ी है। तत्कालीन सरपंच ने जाटा और बहेराडीह गांव में अधिकतर निर्माण कार्यों को अधूरा छोड़ दिया है। सतनामी समाज का सामुदायिक भवन विगत दो साल से अधूरा पड़ा है। दोनों गांव की निर्माणाधीन मुक्तिधाम, प्रतीक्षालय समेत अन्य कार्य करीब सालभर से अधूरा छोड़ दिया गया है। स्थानापन्न सरपंच को प्रभार लेने के पहले सोचना पड़ रहा है कि लाखों रुपए की निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दी है। जिसे पूर्ण कराना इतना आसान नहीं है। वहीं गांव के पूर्व सरपंच पर लाखों रुपए की वसूली की नोटिस शासन के द्वारा शीघ्र ही जारी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि 6 माह के भीतर ही जाटा पंचायत में सरपंच पद के लिए उप चुनाव होना है। इस उप चुनाव में आदिवासी महिला सीट ही सुरक्षित रहेंगी। स्थानापन्न सरपंच चुनाव में सचिव जमुना सिंह नेताम के हड़ताल पर जाने के कारण बलौदा ब्लॉक के करारोपण अधिकारी विमल गुप्ता और सुखराम पटेल द्वारा कराया गया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालयचिस्दा में 8 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित विश्व महिला दिवस कार्यक्रम का समापन किया गया, जिसमे नव-निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सक्ती श्रीमती द्रौपती कीर्तन चंद्रा, सुश्री सुशीला सिन्हा (जिला पंचायत सदस्य ), श्रीमती अनुसुइया बंजारे (सरपंच हसौद), श्रीमती उर्वशी खेम साहू (सरपंच परसदा) तथा विद्यालय परिसर में निवास करने वाले कर्मचारियों की गृहणियों का सम्मान किया गया । विद्यालय प्राचार्य ए. बी.सक्सेना द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया । इस अवसर पर जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक केशव चन्द्र ने कहा कि "नारी समाज रूपी-रथ का एक मजबूत पहिया है जिसके बिना हम आगे नहीं बढ़ सकते" । केशव चन्द्र द्वारा विद्यालय में आयोजित बाल-संसद के प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया । विशिष्ट महिला अतिथियों ने विद्यालय में विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरुष्कृत किया और बच्चों को सम्बोधित करते हुए समाज में महिलाओं की महत्ता और भूमिका के बारे में बताया । श्रीमती अनुसुइया बंजारे सरपंच हसौद ने कहा की स्त्री का जीवन कठिन चुनौतियों का जीवन है और वह घर के भीतर और बहार दोनों जगह अपनी जिम्मेदारियों बखूबी निभाती है । सुश्री सुशीला सिन्हा जिला पंचायत सदस्य ने कहा की महिलाएं बहुत सहनशील होती है। साप्ताहिक कार्यक्रम का समन्वय श्रीमती वर्षा सिंह टी.जी.टी. हिंदी, सुश्री तेजस्वी उत्तम टी.जी.टी. गणित तथा सुश्री कल्पना बारीक़ टी.जी.टी. ओडिया, और के.के.पटेल टी.जी.टी. विज्ञान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का श्रीमती प्रीति वर्मा टी.जी.टी. शरीरिक शिक्षा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।





कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया पीआईसी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों के पदभार ग्रहण करने के पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी के द्वारा आज पार्षदों की बैठक आयोजित कर प्रेसिडेंट इन काउंसिल का गठन किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी के द्वारा नवगठित पीआईसी में नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं पार्षद वार्ड क्रमांक 10 दिवाकर सिंह राणा को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग का सभापति, पार्षद वार्ड क्रमांक 2 श्रीमती सुनीता आशीष प्रसाद को राजस्व तथा बाजार, पार्षद वार्ड क्रमांक 9 श्रीमती वैशाली विवेक सिंह बैस को शिक्षा, महिला तथा बाल कल्याण , पार्षद वार्ड क्रमांक 5 दिनेश कुमार दास को जल कार्य, पार्षद वार्ड क्रमांक 12 पुरुषोत्तम नामदेव को आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण , पार्षद वार्ड क्रमांक 15 श्रीमती समिता सिन्हा को खाद्य, नागरिक-आपूर्ति, पुनर्वास एवं नियोजन एवं पार्षद वार्ड क्रमांक 17 श्रीमतीरुक्मिणी देवी वैष्णव को विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग का सभापति नियुक्त किया गया है। पीआईसी गठन के पश्चात नवनियुक्त सभापतियों एवं पार्षदों को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी ने कहा कि अकलतरा नगर पालिका परिषद के चुनाव में नगर वासियों ने नगर विकास को अपना बहुमत प्रदान किया है। नगर वासियों की भावनाओं को देखते हुए नवगठित पीआईसी के समस्त सदस्य सामंजस्य बनाते हुए नगर विकास को एक नई दिशा देने के लिए एकजुट और संगठित होकर कार्य करेंगे।



बैठक में उपस्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षद।

#### भैसमुड़ी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए जिला पंचायत सदस्य

# भागवत कथा होने से पूरा गांव हो जाता है भक्तिमय : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ विकास खण्ड के ग्राम पंचायत भैसमुड़ी में क्षत्रीय परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सुनने जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू पहुंचे। श्री साहू ने सवर्प्रथम भगवान जगत के पालनहार बाल गोपाल श्रीकृष्ण के चरणों व ब्यासपीठ पर में मत्था ठेक क्षेत्र के खुशहाली की कामना किये।

उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को कहा कि जब भी गांव में कुछ भक्ति का आयोजन होता है तब पूरा गांव भक्तिमय हो जाता है इसी तरह क्षत्रिय परिवार द्वारा आयोजित भागवत महापुराण से पूरा गांव श्री कृष्ण के भक्ति में डूबा हुआ है। ब्यासपीठ पर बैठे पंडित शेखर प्रसाद चतुर्वेदी ने भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र मंथन, श्रीराम कथा एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाते कहा कि जब भगवान बाल गोपाल का जन्म पर नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की पर सभी श्रद्धालु काफी देर तक झूमते व थिरकते रहे। कथावाचक ने कहा कि जब-जब अत्याचार, अनाचार व अन्याय बढा है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना को लेकर ही प्रभु का अलग-अलग रूपों में अवतार होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड दी, तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ. कथा के दौरान बासुदेव, यशोदा व श्रीकृष्ण के बाल-रूप की झांकी देख सभी श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए नृत्य करने लगे। भागवत कथा में सभापति राजकुमार साहू के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष समर्थ सिंह, सरपंच प्रतिनिधि विजय कुमार साहू, मुख्य यजमान नीरज सिंह-श्रीमती प्रतिभा सिंह क्षत्रिय, ठा. अविनाश सिंह क्षत्रीय, ठा. प्रितराज सिंह क्षत्रीय, श्रीमती सरस्वती सिंह, श्रीमती दयामंती सिंह, ठा. बालमिकी सिंह-अंगीरा सिंह सहित ग्रामवासी भागवत कथा सुनने पहुंचे थे।



आरती में शामिल जिला पंचायत राजकुमार साहू एवं श्रद्धालुजन।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025,
25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411